# हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा चौरागढ़ से लेकर पातालेश्वर महाकाल दरबार, जगह-जगह हुए भंडारे, लोगों में दिखी आस्था




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन जहां पूरी तरह व्यवस्थाऐं की थी तो



वहीं इस वर्ष व्यवस्था में अतिरिक्त टेंट लगाऐं गए थे, लायटिंग की शानदार व्यवस्था के साथ महाशिवरात्रि का पर्व अनोखा एवं अद्‌भुत रहा। चौरागढ़ मंदिर से लेकर भूरा



भगत, छोटा भुवन, बड़ा भुवन, जुन्नारदेव विशाला, दमुआ, परासिया, तामिया का छोटा महादेव से लेकर छिन्दवाड़ा के श्री पातालेश्वरधाम, मोक्षधाम का महाकाल इन क्षेत्रों में जहां



विशाल भण्डारा और मेले का आयोजन किया गया तो वहीं प्रशासन की व्यवस्थाऐं चाक चौबंद रही। चौरागढ़ से लेकर महाकाल पातालेश्वर तक हर हर



महादेव के जयघोष नारे सुनाई पड़े। इस वर्ष अन्य वर्षों की तुलना में अत्याधिक मेला रहा और धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत प्रत्येक शिवालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया था चाहे वह नगर निगम का टाऊन हाल हो या फिर हवेली मोहगांव का अर्द्धनारेश्वर मंदिर या फिर षष्ठी माता मंदिर परिसर सभी शिवालयों में पूजा अर्चना हुई जहां समितियों ने हर व्यवस्थाऐं की तो वहीं समाजसेवियों ने सैकड़ों स्थानों पर फलाहारी भण्डारों का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जो एक अनुपम उदाहरण बना।

महाशिवरात्रि के संबंध में कुछ किवदंतियां और हिन्दू मान्यता इस प्रकार बतायी जाती है :- महाशिवरात्रि का त्योहार हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है इस बार महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025 को मनाई गई। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर महाशिवरात्रि पर्व क्यों मनाया जाता है? चलिए आपको इस समाचार के माध्यम से बताते हैं।



वैसे तो हर महीने शिवरात्रि मनाई जाती है, जिसे मासिक शिवरात्रि कहा जाता है। लेकिन फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि की शिवरात्रि का विशेष महत्व माना गया है। दरअसल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि के नाम से जानते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व शिव भक्तों के लिए बेहद खास महत्व रखता है। इस दिन शिव जी की विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक किया जाता है।

शास्त्रों के मुताबिक इस दिन भोलेनाथ की पूजा प्रदोष काल में 4 प्रहर की जाती है। महाशिवरात्रि के दिन देश भर के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों समेत शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रहती है। अब आपको महाशिवरात्रि के बारे में तो पता चल गया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि महाशिवरात्रि पर्व क्यों मनाया जाता है ? अगर नहीं, तो चलिए आपको विस्तार से बताते हैं कि महाशिवरात्रि मनाने का मुख्य कारण क्या है ?

महाशिवरात्रि क्यों मनाई जाती है इसको लेकर अलग-अलग मान्यताएं और कथाएं मिलती हैं। महाशिवरात्रि का अर्थ है शिव की रात महाशिवरात्रि भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा प्रकट करने का एक विशेष अवसर माना जाता है।

एक पौराणिक कथा के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर पहली बार भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग में प्रकट हुए थे और इसे महाशिवरात्रि के रूप में मनाया गया। आसान शब्दों में कहें तो भगवान शिव के निराकार से साकार रूप में अवतरण की रात्रि ही महाशिवरात्रि है।

हालांकि महाशिवरात्रि की असली कहानी क्या है इसका शिव महापुराण में विस्तार से उल्लेख मिलता है। शिव महापुराण के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था।

फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव वैराग्य का त्याग कर देवी पार्वती संग विवाह के बंधन में बंधे थे और गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। ऐसे में महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।


## भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने भगवान शिव की आराधना कर शहर के भंडारों में दी सेवा

भाजपा के शुभंकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पातालेश्वर महादेव मंदिर एवं मोक्षधाम स्थित श्री महाकाल मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की गई।


भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने शहर में आयोजित विभिन्न भंडारों में दी सेवा, भक्तों को पर्व की दी शुभकामनाएं ।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भगवान शिव शंकर सदा शाश्वत है। इसीलिए शिव ही सत्य है कहा जाता है। वे अति सहज हैं और जल और बिल्वपत्र से प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिव आराधना में ही परम सुख की अनुभूति होती है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ रमेश पोफ्ली, विजय पांडे, संजय पटेल, दीनदयाल मोहने, गरिमा दामोदर, भारत घई, राकेश माइकल पहाड़े, संदीप चौहान, दीपक कोल्हे, दिनेश यादव दिनसू, अनीश पटेल, शैलेन्द्र यादव, प्रतीक दामोदर सहित सहयोगी कार्यकर्ताओं ने शिवभक्त की सेवा की। इसी प्रकार ठाकुर विजयसिंह रिटायर डी.एस.पी. के द्वारा श्रीमती जी की याद में निर्मित पंचशील कॉलोनी शिवालय में भव्य पूजा अर्चना की गई। यहां पर प्रत्येक वर्ष शिवजी को सजाकर पूजा अर्चना की जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी पूजा अर्चना की गई।




## चंदन नगर मोक्षधाम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



इसी प्रकार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तप्रिय मोक्षधाम सेवा समिति चंदननगर और नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन छिंदवाड़ा के तत्वाधान में महाकालेश्वर मंदिर, मोक्षधाम चंदन नगर छिंदवाड़ा में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने लगभग 400 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद को दवा का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में नीमा अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, सचिव डॉ अरविंद राऊत, डॉ. हरीश सतनामी, डॉ. पवन नेमा, डॉ. मयंक कुमार साहू, डॉ. कमलेश सोनारे, प्रियंका बरकोरिया, नवीन बरोदे, सिधांत गोडबोले, भगवत चौबितकर और भक्तप्रिय मोक्षधाम सेवा समिति चंदननगर के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## पातालेश्वर धाम में विशाल फलाहारी भंडारा, चलाया स्वच्छता अभियान



देवों के देव महादेव के पावन पर्व शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शहर के प्रसिद्ध सम्माननीय पदाधिकारी राकेश उईके के नेतृत्व में युवा मित्र मंडल द्वारा प्रसिद्ध पातालेश्वर धाम में महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं और शिव के उपासकों को ध्यान में रखते हुए फलाहारी भंडारे का एक भव्य आयोजन किया गया। फलाहारी भंडारे के आयोजन के साथ ही दूध, चाय आदि का वितरण भी किया गया। शिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर सुबह 7.00 से युवा समाज सेवी अखिल सूर्यवंशी और उनके साथ युवा मित्र मंडल ने लगभग 5 क्विंटल फलाहारी, लगभग 200 लीटर दूध चाय, 50 केरेट केले, शुद्ध पेयजल और पुरिया का भी वितरण किया। साथ ही जिन एक बार ही उपयोग होने वाले पात्रों (डिस्पोजल पत्रों) में सामग्री वितरित की जा रही थी वो इधर.उधर फेंक कर गंदगी ना फैलाएं इसको ध्यान में रखते हुए युवा समाज सेवी गणेश वर्मा के नेतृत्व में युवा मित्र मंडल ने पातालेश्वर धाम शिवालय के प्रांगण में स्वच्छता अभियान भी चलाया। एक भव्य पंडाल में समाजसेवी अखिल सूर्यवंशी एवं विवेक मालवी और युवा मित्र मंडल के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा पातालेश्वर धाम शिवालय में आने वाले श्रद्धालुओं और उपासकों को श्रद्धा के साथ फलाहार दूध चाय आदि का वितरण किया गया।

फलाहारी भंडारे के संयोजन में मुख्य रूप से शेखर मालवीय, राकेश उईके, विवेक मालवीय, अखिल सूर्यवंशी, विट्टू जावडकर, विजय मालवी, अजय मालवीय, सुभाष यादव, सतेन्द्र तेकाम, बंटी राउत, डॉ. राम आमगोरिया, आलोक चौधरी, गणेश वर्मा, सुरज मालवीय, युवराज साहू, अंकित सूर्यवंशी, दिव्यांश मालवीय, विजय मालवीय, भूपेंद्र सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान की। वहीं शिवरात्रि के इस पावन पर्व पर हर हर महादेव के जय घोष से पातालेश्वर धाम शिवालय का पूरा प्रांगण गूंजायमान हो रहा था।

## महाशिवरात्रि पर्व पर पुराना बैल बाजार स्थित भगिया बाई शिव मंदिर में महारुद्राभिषेक

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पुराना बैल बाजार स्थित भागिया बाई शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन पंडित नवीन शुक्ला द्वारा करवाया गया।

इस अवसर पर पंडित जी द्वारा बताया गया आज के दिन भगवान शिव का अभिषेक करने से कालसर्प दोष से मुक्ति शीघ्र विवाह की कामना संकटों से छुटकारा हेतु भगवान भोलेनाथ का महाराज अभिषेक करवाया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. गणेश प्रसाद साहू, डॉ. मयंक कुमार साहू, सुभाष साहू, शेखर साहू सहित अन्य सामाजिक बंधु तथा समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित थे

## शिवालयों में महाभिषेक के साथ की शिवजी की पूजा अर्चना

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में बोल बम और ऊं नम: शिवाय: के जयकारे गूंज उठे। छिंदवाड़ा शहर के मोक्षधाम महाकाल मंदिर और पातालेश्वर मंदिर में हजारों भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए। वहीं रामेश्वर धाम में भी जिले भर से हजारों लोग पहुंचें और देवाधिदेव महादेव के दर्शन किए। सुप्रसिद्ध देव स्थलीय विशाला पहली पायरी में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने दूध और जल से महादेव का अभिषेक कर पूजा अर्चना की व आशीर्वाद लिया। देर शाम तक शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। जुन्नारदेव विशाला पहली पायरी मंदिर में बुधवार को एक दिवसीय मेला लगा। यहां दूर दराज से श्रद्धालु सुबह से महादेव का दर्शन पाने पहुंचे थे। सुबह 4 बजे शिवजी का जल व दूध से



अभिषेक किया गया। इसके बाद महाआरती की गई, इसके बाद श्रद्धालुओं ने पहली पायरी मंदिर में जल भरकर शिवलिंग



पर अर्पित किया। शाम 5 बजे भी पूजा अर्चना के साथ महाआरती की गई। इस दौरान मंदिर के बाहर होटल, मनिहारी, सौंदर्य सामग्री, बच्चों के



खिलौने, कुल्फी, छाछ के ठेले, आकर्षक झूले सहित अन्य दुकानें लगी रही। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस पार्किंग सहित



मंदिर परिसर में मौजूद रही। इसके अतिरिक्त अन्य भक्तों द्वारा भी मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण



किया गया। देर शाम तक सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मार्ग निर्माण व पेयजल की व्यवस्था किए जाने से अब यहां हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं नगर के श्रद्धालु व्यवस्था बनाने अपना सहयोग दे रहे थे।


## बेलपत्रों की पूछ परख

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फूल, बेलपत्र. आंक, धतूरा, नारियल, दूध आदि की जमकर पूछ परख रही। शिव मंदिरों के सामने कई लोगों ने फूल पान व नारियल अगरबत्ती की दुकानें लगाई और पूजन सामग्री बेची जा रही थी और जगह-जगह भण्डारा का आयोजन हुआ।





# पैसों की लालच से परिवार में रार



## बहनों से खत्म किया रिश्ता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों पैसों की लालच से परिवार में आई दरार के बाद परिवार ने दोनों बेटियों से अपना रिश्ता खत्म कर लेने की चर्चा जोर शोर से चल रही है।

बताया जा रहा है कि दोनों बेटियों में पैसों का लालच आ गया और उन्हें रिश्तो से ज्यादा पैसों को अधिक महत्व देना जरूरी पड़ा, जिसको देख अपने भाई ने बहनों के मन मुताबिक उन्हें पैसे तो दे दिए दे दिया परंतु मां और उसने आजीवन दोनों बहनों से रिश्ता खत्म कर लिया। हालांकि जो भी हो बहनों को दौलत का बराबर हिस्सा दिया जाता है परंतु बहनों को उन्हें मन मुताबिक पैसा ही चाहिए था।

बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर 13 में गोपाल नामक युवक एक मकान में रहता था। कुछ साल पहले अपनी सगी बहन सुधा से 2 लाख रुपए कर्ज लिया था। पारिवारिक समस्याओं के चलते गोपाल ने अपने स्वामित्व का मकान बेचने का निर्णय लिया। जहां एक प्रतिष्ठित व्यवसायी द्वारा 60 लाख रुपए में उक्त मकान को बेच दिया गया। वहीं मकान बेचने की खबर के बाद दोनों बहनों में पैसों का लालच आ गया। फिर क्या था दोनों बहनों सुधा और सुषमा ने योजना के साथ 10-10 लाख रुपए देने की बात कही] नहीं तो बेचे गए मकान में किसी को घुसने नहीं देंगे की चेतावनी दी गई। वही पूर्व में उधार लिए पैसे भी ब्याज सहित वापस करने का दबाव बनाया गया।

मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवक गोपाल ने दोनों बहनों को 10-10 लाख सहित उधारी लिए पैसे को भी ब्याज सहित 4 लाख 53 हजार 500 रुपए दे दिया। फिर क्या था मां और स्वयं गोपाल दोनों फूट-फूट कर रोने लगे और दोनों ने इस बीच कहा कि हमने दोनों बहनों से पूरी तरह रिश्ता तोड़ दिया है। तहसील परिसर में हुई इस सामाजिक घटना की जोर-शोर से चर्चा है।

किसी संत ने क्या खूब कहा है माखी गुड में गड़ी रहे, पंख रहे लिपटाए, हाथ मले और सर धुनें, लालच बुरी बलाय। अति से ज्यादा लालच किस तरह पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है यह इस घटना से सर्व विदित प्रतीत होती है।





# कलेक्टर ने महादेव मेले का भ्रमण कर भूरा भगत मंदिर में किए दर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले की जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा के ग्राम भूराभगत में आयोजित महादेव मेले का कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने भ्रमण किया और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भूरा भगत मंदिर में भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना भी की ।

उन्होंने मेले में बनाए गई टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा स्वच्छता और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। कलेक्टर ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर एस.डी.एम. जुन्नारदेव कामिनी ठाकुर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सार-समाचार

### पालक महासंघ ने की मार्च में पुस्तक मेला लगाने की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अभिभावको के हितों में लड़ने वाला प्रदेश स्तरीय संगठन पालक महासंघ ने पुस्तक मेला जल्दी लगाने की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों की द्वारा निर्धारित दुकानों से पुस्तको और गणवेश की विक्री की जाती है जिससे पालकों को ऊंचे दामों में सामग्री खरीदी पड़ती है जिससे मुनाफा खोरी को बढ़ावा मिल रहा है। विगत वर्ष पुस्तक मेले की अच्छी शुरुआत प्रशासन द्वारा की गई किंतु यह मेला मई माह में लगाया गया था जिससे कोई खास लाभ नही हुआ पहले ही पुस्तके बिक्री कर दी गई थी। अभी इसे मार्च माह के प्रथम सप्ताह में लगाए जाने की मांग पालक महासंघ ने प्रशासन व शिक्षा विभाग से की है। जहां दुकानदारों से अधिक से अधिक प्रतिशत में छूट देने का भी आग्रह किया गया है। यह व्यवस्था हो तो पालको को वास्तव में राहत मिलेगी। स्कूलों की गणवेश तीन वर्ष से पहले न बदली जावे। विगत सत्र में छिंदवाड़ा में प्राइवेट स्कूलों की करोड़ो की पुस्तकें महंगे दामो में बेची गई थी, इस पर रोक लगना चाहिए व स्कूल संचालकों व दुकानदारों पर नियम तोड़ने पर कार्यवाही की जाने के निर्देश प्रसारित किए जावे।

### शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने लगाया नि:शुल्क शिविर



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड सियाल घोघरी के द्वारा एवं यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह चौधरी के मार्गदर्शन में कोयला खदान में कार्यरत हजारों मजदूरों के हित में एवं उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए खदान परिसर में सीएसआर से नि:शुल्क विशेष शिविर लगाया गया एवं इस शिविर के माध्यम से खदान में कार्यरत मजदूरों को शासन की योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य को लेकर आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के कार्ड बनाए गए और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए मजदूरो का बीमा भी किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी नि:शुल्क शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है इस शिविर के अवसर पर एच.आर. हेड अमित पांडे, सी.एस.आर. मनोज जमरे, सुरक्षा इंचार्ज शेर सिंह, सुरक्षा अधिकारी मुन्ना कुमार सिंह, मधु बावरिया, सुनैना कैथवास के अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### मानवता की सेवा के लिए देहदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रयोग के लिए अंगों के चिकित्सकीय ज्ञान के लिए मृत्यु उपरांत देहदान मानवता की सेवा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दान माना जाता है ऐसे बहुत ही कम लोग होते हैं जो दिवंगत होने के बाद भी बहुत कुछ कर जाते हैं उनमें से ही एक हैं गुजराती समाज छिंदवाड़ा के सदस्य चंद्रकांत भाई शाह जिन्होंने अपने जीवित रहते यह तय किया था कि जब कभी भी उनकी मृत्यु हो तो उनका अंतिम संस्कार ना करते हुए उनके शरीर का दान कर दिया जाए उनकी इस अंतिम इच्छा की पूर्ति उनके परिवार ने उनके बड़े भाई भरत भाई शाह ने दिल पर पत्थर रखकर पूर्ण की नागपुर में इलाज के दौरान चंद्रकांत भाई शाह की मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर का दान ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस नागपुर को कर दिया गया।



गुजराती समाज छिंदवाड़ा की प्रबंध समिति द्वारा चंद्रकांत भाई की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनकी अंतिम इच्छा और परिवार के साहस के लिए संपूर्ण मानव समाज एवं गुजराती समाज की ओर से उनका आभार माना और पूरे परिवार को सम्मानित करने का निर्णय लिया है

# अपने मनोविकारों को शिव को अपर्ति करना सच्ची महाशिवरात्रि : ब्रम्ह्याकुमारी गणेशी दीदी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर उपस्थित शिव के प्यारे भक्तों को ब्रह्माकुमारी गणेशी बहन ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा की परमपिता परमात्मा शिव के नाम कर्तव्य वाचक गुणवाचक है, जैसे अमरनाथ, सोमनाथ, बद्रीनाथ, पशुपतिनाथ, रामेश्वरम, बटेश्वर, पापकटेश्वर, गोपेश्वर इत्यादि है। आत्मा को अमरता की ओर ले जाते हैं इसलिए अमरनाथ ज्ञान रूपी सोम रस पिलाते हैं इसलिए सोमनाथ मनुष्य के कर्म पशु तुल्य हो जाते हैं तो मनुष्य को पशु जैसे संस्कार से देवत्व की ओर ले जाने के कारण पशुपतिनाथ है। परमपिता परमात्मा शिव अज्ञानता रूपी अंधकार अर्थात कलयुग रूपी घोर रात्रि में अवतरित होते हैं। जिनकी याद में हम शिवरात्रि मानते हैं, शिवरात्रि का अर्थ है कल्याणकारी रात्रि। जिसमें पाप आत्मा, भूत आत्मा, पुण्यात्मा, महान आत्मा, धर्मात्मा सभी प्रकार की आत्माओं का कल्याण करते हैं। परमपिता परमात्मा शिव इस कलयुग रूपी रात्रि में सभी मनुष्य आत्माओं से मनोविकार जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत को अर्पण करने को कहते हैं न की अर्क, धतूरा, गांजा, भांग, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब तमाम नशीली वस्तु को शिव को अर्पण कर देना चाहिए और वह ज्ञान का सागर प्रेम का सागर आनंद का सागर है परमात्मा गुणों में सिंधु है।

हम गुणों को जीवन में आत्मसात करने का मुख्य आधार राजयोग मेडिटेशन है। जिससे मनुष्य के संस्कारों में परिवर्तन होने लगता है और जब संस्कार परिवर्तन हो जाता है तब संसार परिवर्तन होने लगता है। आज प्रात: से ही ब्रह्मा कुमारीज के विश्व दर्शन भवन में परमपिता परमात्मा शिव की प्रतिमा शिवलिंग पूजा अर्पण अभिषेक कर शिव ध्वज फहराया गया साथ ही ब्रह्माकुमारी की विभिन्न गीता पाठशाला के केयर टेकर किरण, पार्वती परते, महेश वर्मा, गुलाब बंआदे, दिलीप माहोरे, शांति गुप्ता आदि अन्य की उपस्थिति में एवं ब्रह्माकुमारी गणेशी दीदी के सानिध्य में दीप प्रज्वलंकर केक कटिंग के साथ माहा प्रसादी वितरण किया गया।



# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने शिवालयों में पहुंचकर पूजा अर्चना की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दोनों जिलों की पांच विधानसभाओं छिन्दवाड़ा, चौरई, परासिया, जुन्नारदेव एवं सौंसर में शिवालयों एवं धार्मिक आयोजनों में पहुंचकर माथा टेका और जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस दौरान मंदिरों एवं धार्मिक आयोजनों में उन्होंने बड़ो से आर्शीवाद लेते हुए सैकड़ो भक्तों से मुलाकात कर उन्हें महाशिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनांए दी।

महाशिवरात्रि के अवसर पर छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजित शिव मंदिरों एवं धार्मिक आयोजनों में सांसद बंटी विवेक साहू ने पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन करते हुए राष्ट्रीय संत अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक सहित अन्य कथावाचकों का आर्शीवाद लिया। सांसद श्री साहू सुबह रामेश्वर धाम सिहोरामाल स्थित शिव मंदिर में पूजन अर्चन की एवं शिव भक्तों के लिए आयोजित विशाल भंडारा का शुभांरभ किया। उन्होने पतालेश्वर, सिवनी मंदिर, मोनीबाबा मंदिर में भी पहुच कर पूजा अर्चन कर आर्शीवाद लिया।

इसके बाद वे विधानसभा चौरई में स्थित रामपुरी टोला में शिवधाम छोटा महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का आर्शीवाद लिया। सांसद श्री साहू इसके बाद जुन्नारदेव विधानसभा के ग्राम कटकुही में स्थित श्री शिव पार्वती चौराधाम मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन की एवं अंतर्राष्ट्रीय संत असंगदेव के श्रीमुख से चल रही सुखद सत्संग में शामिल हुए। इसके बाद वे परासिया विधानसभा के ग्राम रावनवाड़ा में गंगाराम दफाई शिवपुरी पहुंचे और उन्होंने शिवपुराण भागवत कथा में कथावाचक का आर्शीवाद लिया एवं कथा सुनी एवं ग्राम खंसवाड़ा में आयोजित भागवत कथा में पहुंचकर आर्शीवाद लिया। सांसद श्री साहू सौंसर विधानसभा के ग्राम मोहगांव में स्थित अर्धनारीश्वर मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की वही भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव में अखंड हरिनाम सप्ताह एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवताचार्य देवी चित्रलेखा का आर्शीवाद लिया। वहीं कार्यक्रम मे मौजूद सैकड़ो भक्तों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### सिम्स में हुआ शिव तांडव का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. अभय कुमार के निर्देशन में छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शिव तांडव स्त्रोत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधीक्षक डा. विपिन कुमार जैन, सीनियर फैकल्टी डॉ. शिरपुरकर, डॉ. गंधे, डॉ. सैयाम, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. तपेश, डॉ. मनोरे, डॉ. दिनेश, डॅ. नितिन, डॉ. सोनाली, डॉ. चंचलेश सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। आयोजन कमेटी में डॉ. हेमंत अहिरवार एवं डॉ. मेघा जैन ने सराहनीय योगदान दिया।

# चना, सरसों और गेहूं की फसल का उप संचालक कृषि ने किया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 26 फरवरी को उपसंचालक कृषि छिंदवाड़ा जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा शासकीय कृषि प्रक्षेत्र देलाखारी का निरीक्षण कर प्रक्षेत्र ने लगाई गई गेंहूँ की DBW - 187, चना की किस्म जेजी 36 एवम सरसों की उन्नत किस्म आरवीएम-1 के फ़सल प्रदर्शन को देखा। इस वर्ष फ़सल स्थिति बहुत अच्छी है निरीक्षण के समय प्रक्षेत्र अधीक्षक बी.एस. मेढ़ा, ए.ई.ओ. रोहित डेहरिया उपस्थित रहे ।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ आज आएंगे छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित आयोजनों में सम्मिलित होने के साथ ही ईमलीखेड़ा स्थित सीआईआई स्किल सेन्टर के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आ रहे हैं, जबकि पूर्व सांसद नकुलनाथ तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा में रहेंगे। इस दौरान नेताद्वय विभिन्न आयोजनों में उपस्थित होने के साथ ही पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक में भी सम्मिलित होंगे।

पूर्व सी.एम. कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिनांक 27 फरवरी 2025 को प्रातरू 10 बजे कमलनाथ एवं नकुलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा स्थित हवाई पट्टी पर आगमन होगा, तत्पश्चात ईमलीखेड़ा स्थित सी.आई.आई. प्रशिक्षण केन्द्र एवं बजाज सर्विस टेक्निकल एक्सीलेंस प्रोग्राम का शुभारंभ करेंगे। तदोपरांत नेताद्वय का शिकारपुर आगमन होगा, तदोपरांत कमलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जबकि नकुलनाथ विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन करने दोपहर 3.30 बजे उप ब्लॉक पश्चिम के वार्ड क्रमांक 40 राजनगर पहुंचेंगे। अपराहंत 4.30 बजे पूर्व उप ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 13 जगन्नाथ स्कूल के पास आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधायक निधि के कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। नकुलनाथ का सांय 5.15 बजे नगर निगम ग्रामीण भाग एक के ग्राम सारना में आगमन होगा जहां वे विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तदोपरांत उनका शिकारपुर आगमन होगा।



### आज इमलीखेड़ा स्थित सीआईआई प्रशिक्षण केन्द्र में बजाज सर्विस का शुभारंभ करेंगे

28 फरवरी 2025 को कमलनाथ एवं नकुलनाथ का प्रात: 10 बजे बिछुआ ब्लॉक के ग्राम धनेगांव में कांग्रेस के आदिवासी नेता स्व. जानिकराम मर्सकोले के निवास पर आगमन होगा। नेताद्वय प्रात: 11 बजे हेलीकाप्टर द्वारा पांढुर्ना पहुंचेंगे जहां वे पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात नेताद्वय स्व. गोविंदराव खुरसंगे के निवास पहुंचेंगे तदोपरांत दोपहर 1 बजे कमलनाथ एवं नकुलनाथ जी का शिकारपुर आगमन होगा।

शिकारपुर आगमन उपरांत माननीय नकुलनाथ का का अपराहंत 4 बजे उप ब्लॉक उत्तर के वार्ड क्रमांक 06 ऊंटखाना में आगमन होगा जहां वे विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन करेंगे तदोपरांत उप ब्लॉक मध्य के वार्ड क्रमांक 26 पॉवर हाउस पहुंचकर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। सांय 5ण्05 बजे माननीय नकुलनाथ जी का उत्तर उप ब्लॉक के चंदनगांव बस स्टैण्ड में आगमन होगाए तदोपरांत वे 5ण्40 बजे निगम ग्रामीण के भाग दो के ग्राम सांख ;छिन्दवा?ाद्ध पहुंचकर विधायक निधि के कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। रात्रि 7 बजे श्री नाथ का शिकारपुर आगमन होगा।

01 मार्च 2025 को अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ प्रात:10.30 बजे पटनिया (सिंगोड़ी) पहुंचेंगे। प्रात: 11.30 बजे हर्रई आगमन होगा जहां आयोजित बैठक में सम्मिलित होने के उपरांत नेताद्वय का दोपहर 1 बजे शिकारपुर आगमन होगा। तदोपरांत नकुलनाथ छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।

02 मार्च 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ प्रात: 09 बजे छिन्दवाड़ा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।